रोल नं. | | | | | | | | |   मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

101   401 (IRA)

# 2026

# हिन्दी

समय : 3 घण्टे ]   [ पूर्णांक : 80

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र के **दो** खण्ड **'अ'** और **'ब'** हैं। दोनों खण्डों में पूछे गए **सभी** प्रश्नों का उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड - 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

विज्ञान का अर्थ है, सत्य के अधिकतम निकट पहुँचने की कोशिश। विज्ञान अपनी अवधारणाओं तथा निष्कर्षों के प्रति हठी या अहंकारी नहीं होता। वह इतना विनम्र होता है कि नई खोजों तथा नए निष्कर्षों के आने पर अपनी मान्यता को बदल देता है। इसीलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चलने वाले लोग सीधे-सरल होते हैं। उन्हें अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की तरह अपनी बात मनवाने के लिए ताकत, भय और वैभव की जरूरत नहीं पड़ती। पूर्व राष्ट्रपति तथा वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की सादगी से हम सभी परिचित हैं। तमाम दूसरे वैज्ञानिक भी अपने कार्य को महत्व देते हैं न कि बाहरी तामझाम को।

वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए सवाल बहुत जरूरी हैं। सवाल करने वाला ही नई खोज कर सकता है। पढ़ाई की सार्थकता भी तभी है जब वह हमारे मन में नए-नए प्रश्नों तथा जिज्ञासा को जन्म दे। ध्यान रहे, उत्तर जानना जरूरी है, लेकिन उत्तर से अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न हैं। प्रश्न करने वाला ही नेतृत्व कर सकता है, उत्तरों को रटने वाले सिर्फ अनुयायी हो सकते हैं। पच्चीस सौ वर्ष पहले गौतम बुद्ध ने कहा था, 'किसी भी चीज पर इसलिए विश्वास मत करो क्योंकि वह तुम्हें बताई गई है या इसलिए क्योंकि वह पारंपरिक है। सम्यक निरीक्षण और विश्लेषण के पश्चात सबके हित-लाभ वाली बात को स्वीकार करो!

(क) विज्ञान को विनम्र क्यों कहा गया है? 2

(ख) विज्ञान को अपनी बात मनवाने के लिए ताकत की जरूरत क्यों नहीं पड़ती? 2

(ग) पढ़ाई को कब सार्थक माना गया है? 2

(घ) गद्यांश के अनुसार विज्ञान का क्या अर्थ है? 1

(ङ) 'वैज्ञानिक सोच' विकसित करने के लिये बहुत आवश्यक है- 1

(i) विश्वास करना (ii) विनम्र होना (iii) प्रश्न करना (iv) उत्तर देना

(च) बुद्ध ने निम्न में से किस आधार पर किसी बात पर विश्वास करने को मना किया था- 1

(i) प्रायोगिक (ii) पारंपरिक (iii) विश्लेषणात्मक (iv) वैज्ञानिक

(छ) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए। 1

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए- 8

(i) उत्तराखण्ड राज्य की पच्चीस वर्षों की यात्रा

(ii) सड़क दुर्घटनाओं से बचाव

(iii) हमारे जीवन में खेलों का महत्व

(iv) मोबाइल फोन : कितना जरूरी, कितना गैर जरूरी

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों का सही उत्तर-विकल्प अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए- $1 \times 5 = 5$

(क) प्रिंट माध्यम की खूबी है-

(i) इसमें स्थायित्व होता है

(ii) स्पेस का ध्यान रखना पड़ता है

(iii) गलतियाँ सुधारनी पड़ती हैं

(iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ख) 'पीत पत्रकारिता' किसे कहते हैं -

(i) सनसनीखेज खबरें

(ii) व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप

(iii) ब्लैकमेलिंग

(iv) उपर्युक्त सभी

(ग) संपादक का प्रमुख उत्तरदायित्व होता है-

(i) समाचार एकत्रित करना

(ii) विज्ञापन की व्यवस्था करना

(iii) समाचार पत्र को अंतिम रूप देना

(iv) समाचार संपादित करना

(घ) 'फ्री-लांसर पत्रकार' होता है-

(i) जो अखबार में नौकरी करे

(ii) जो अपना 'यू ट्यूब' चैनल चलाए

(iii) जो भुगतान के आधार पर स्वतंत्र कार्य करता है

(iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ङ) 'एंकर बाइट' का क्या महत्व है-

(i) पत्रकार से परिचय होता है

(ii) लाइव खबर

(iii) खबर को मनोरंजक बनाना

(iv) समाचार को प्रमाणित करना

4. अपने विद्यालय में मनाए गए किसी एक 'बैगलेस डे' की 150 शब्दों में रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

'पहाड़ के वीरान होते गाँव' विषय पर लगभग 150 शब्दों का एक आलेख लिखिए।

5. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी **एक** पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए
जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं
डाल की तरह लचीले वेग से अकसर

(क) पृथ्वी के घूमते हुए आने का क्या आशय है? 2

(ख) जन्म से अपने साथ कपास कौन लाते हैं? 2

(ग) कविता का नाम बताइए। 1

(ii) सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाय
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह!
आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी!

(क) कवि क्या करतब कर रहा था? 2

(ख) 'बात की चूड़ी मरने' का क्या मतलब है? 2

(ग) कवि तथा कविता का नाम लिखिए। 1

6. निम्नलिखित काव्यांश का शिल्प सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए - 2

मैं निज उर के उद्‌गार लिए फिरता हूँ,
मैं निज उर के उपहार लिए फिरता हूँ;
है यह अपूर्ण संसार न मुझको भाता
मैं स्वप्नों का संसार लिए फिरता हूँ!

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

(क) 'बादल राग' कविता में कवि ने बादलों के माध्यम से क्या कहना चाहा है?

(ख) 'धूत कहौ, अवधूत कहौ----' पंक्ति के माध्यम से तुलसीदास किन पर व्यंग्य कर रहे हैं?

(ग) 'छोटा मेरा खेत' रचना के संदर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या हैं?

8. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×3=6

(i) देख तू तो अभी से पढ़-लिख गया है। मैंने तो गाँव के मदरसे का भी मुँह नहीं देखा। पर एक बात देखी है कि अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर जमीन में क्यारियाँ बनाकर फेंक देता है। उसे बुवाई कहते हैं। यह जो सूखे में हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है। यह पानी गली में बोएँगे तो सारे शहर, कस्बा, गाँव पर पानी वाले बादलों की फसल आ जाएगी। हम बीज बनाकर पानी देते हैं, फिर काले मेघा से पानी माँगते हैं। सब ऋषि-मुनि कह गए हैं कि पहले खुद दो तब देवता तुम्हें चौगुना-अठगुना करके लौटाएँगे भइया, यह तो हर आदमी का आचरण है, जिससे सबका आचरण बनता है। यथा राजा तथा प्रजा सिर्फ यही सच नहीं है। सच यह भी है कि यथा प्रजा तथा राजा। यही तो गाँधी जी महाराज कहते हैं।

(क) किसान बुवाई कैसे करता है?

(ख) बादलों की फसल कैसे आएगी?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके लेखक कौन हैं?

(ii) एक-एक बार मुझे मालूम होता है कि यह शिरीष एक अद्‌भुत अवधूत है। दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया है कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमण्डल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा। नहीं तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतुजाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे उगा सकता था?

(क़) शिरीष की तुलना अवधूत से क्यों की गई है?

(ख) 'न ऊधो का लेना, न माधो का देना' का इस प्रसंग में क्या आशय है?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक तथा पाठ का नाम बताइए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×2=4

(क) 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर पर्चेजिंग पॉवर का क्या अर्थ है?

(ख) जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का आधार क्यों नहीं माना जा सकता? पठित पाठ के संदर्भ में बताइये।

(ग) भक्तिन को अपने जीवन में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×3=3

(क) यशोधर बाबू देर से घर क्यों आते हैं? पठित कहानी के आधार पर बताइये।

(ख) 'जूझ' पाठ में लेखक के पिता उसे पाठशाला क्यों नहीं भेजना चाहते थे?

(ग) मराठी के शिक्षक का पढ़ाने का तरीका क्या था?

(घ) मुअनजो-दड़ो को देखते हुये लेखक को राजस्थान के कुलधरा गाँव की याद क्यों आयी?

11. 'सिल्वर वैडिंग' पाठ से कुछ उदाहरण दीजिए जिससे पता चले कि यह पीढ़ी अन्तराल की कहानी है। 4

**अथवा**

मुअनजो-दड़ो कहाँ और कैसे बसा? यह क्यों प्रसिद्ध है?

**खण्ड - 'ब'**

12. निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा केवलं **त्रीन्** प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत- 1×3=3

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर केवल **तीन** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

साइमन-आयोगस्य राष्ट्रव्यापि - विरोधसमये पण्डित जवाहरलालनेहरूमहोदयस्य प्राणरक्षायै आरक्षकाणां दण्डप्रहारान् सः स्वस्य उपरि असहत। तस्मात् कारणात् आजीवनं तस्य शिरः कम्पते स्म। 1930 तमे वर्षे एषः उत्तराखण्डे लवणसत्याग्रहान्दोलनस्य नेतृत्वम् अकरोत्। सत्याग्रहान्दोलनसमये सः कारागारं प्रेषितः। एवमेव सः अनेकेषां स्वतन्त्रतान्दोलनानां नेतृत्वम् अकरोत् तेषु भागं च अवहत्। पण्डितजवाहरलाल नेहरू-महात्मागाँधी-सरदारबल्लभभाईपटेलसदृशाः राष्ट्रनेतारः भाषाविवादनिवारणसदृशानि महत्वपूर्णकार्याणि तस्य द्वारा सम्पादितवन्तः। 1937 तमे वर्षे एषः कांग्रेसदलस्य नेता चितः जातः तदनन्तरं संयुक्तप्रान्तस्य मुख्यमंत्री च अभवत्।

(क) दण्डप्रहारकारणात् किम् अभवत्?

(ख) सत्याग्रहान्दोलनसमये सः कुत्र प्रेषितः?

(ग) 'जीवनपर्यन्तम्' अस्य समानार्थकपदं किम अत्र?

(घ) 1937 तमे वर्षे किम् अभवत् ?

13. अधोलिखितं श्लोकं पठित्वा केवलं **त्रीन्** प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत- 1×3=3

(अधोलिखित श्लोक को पढ़कर केवल **तीन** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्य में दीजिए)

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः
प्रारभ्य विघ्नविहिताः विरमन्ति मध्याः।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानैः
प्रारभ्य चोत्तमजनाः न परित्यजन्ति।।

(क) नीचैः विघ्नभयेन किं क्रियते?

(ख) कीदृशाः विरमन्ति?

(ग) 'प्रतिहन्यमानाः' अत्र प्रयुक्तः उपसर्गः कः?

(घ) पुरुषाः कतिधाः भवन्ति?

14. निम्नलिखितेभ्यः प्रश्नेभ्यः केवलं **चत्वारि** प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत- 2×4=8

(निम्नलिखित प्रश्नों में से केवल **चार** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

(क) सर्वैः मण्डूकैः किं निर्णीतम्?

(ख) कविः चातकं किं कर्तुं कथयति?

(ग) अनुजः किं करोति स्म?

(घ) कक्षाप्रमुखा का अस्ति?

(ङ) दुर्योधनाय किं न रोचते?

(च) कैः फलं पुष्पं विशीर्यते?

15. निम्नलिखितः शब्दसूचीतः **त्रीन्** शब्दान् चित्वा तेषां वाक्यप्रयोगं संस्कृतभाषायां कुरुत- 1×3=3

(निम्नांकित शब्दों में से **तीन** शब्दों को चुनकर उनका संस्कृत में वाक्य-प्रयोग कीजिए)

**शब्द सूची** - क्रीडति, अनेकानि, वसुधा, एकाग्रता, प्रवाहः, नगरम्, क्षमया, तिष्ठन्ति

16. अधोलिखितान् प्रश्नान् यथानिर्देशम् उत्तरत- ½×6=3

(निम्नलिखित प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए)

(क) 'देवदत्तः पादाभ्यां चलति' अत्र 'पादाभ्यां' पदे कारकः अस्ति-

('देवदत्तः पादाभ्यां चलति' यहाँ पादाभ्यां पद में कारक है)

(i) सम्प्रदान कारक

(ii) अपादान कारक

(iii) करण कारक

(ख) 'वीर पुरुषः' शब्दे कः समासः अस्ति-

('वीर पुरुषः' शब्द में कौन सा समास है-)

(i) अव्ययीभावः

(ii) कर्मधारयः

(iii) तत्पुरुषः

(ग) 'नदी' शब्दस्य तृतीयां विभक्ति एकवचने रूपं अस्ति-

(नदी शब्द का तृतीया विभक्ति एकवचन में रूप है-)

(i) नद्या

(ii) नदीम्

(iii) नद्यौ

(घ) अस् धातोः लट् लकारे उत्तम पुरुष द्विवचने रूपं अस्ति-

(अस् धातु का लट्लकार उत्तम पुरुष द्विवचन में रूप है-)

(i) अस्मि

(ii) स्वः

(iii) स्मः

(ङ) 'मूर्खः + अपि' इति विग्रहे सन्धि अस्ति-

('मूर्खः + अपि' इस विग्रह की सन्धि है-)

(i) मूर्खपि

(ii) मूर्खोपि

(iii) मूर्खोऽपि

(च) 'पितुरिच्छा' पदे सन्धि विच्छेदः अस्ति-

('पितुरिच्छा' पद का सन्धि विच्छेद है-)

(i) पितु + इच्छा

(ii) पितुः + इच्छा

(iii) पितोः + इच्छा

17. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगतं श्लोकं विहाय कमपि एकं कण्ठस्थं श्लोकं लिखित्वा तस्य हिन्दीभाषायां अनुवादं कुरुत। 2×2=4

(इस प्रश्न-पत्र में आए हुए श्लोक से अतिरिक्त कोई एक कण्ठस्थं श्लोक लिखकर उसका हिन्दी में अनुवाद कीजिए)

*****